युवा उद्यमी वैल्यूएशन नहीं, वास्तविक मूल्य सृजन पर करें फोकस: अग्रवाल

दैनिक भास्कर ⁝ 1-2 minutes ⁝ 6/26/2026

जयपुर| वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने युवा उद्यमियों को सलाह दी है कि स्टार्टअप की वैल्यूएशन के पीछे भागने के बजाय वास्तविक मूल्य सृजन पर ध्यान दें। किसी भी व्यवसाय की सफलता बाजार कीमत से नहीं, ग्राहक, समाज और हितधारकों के लिए पैदा किए मूल्य

.

हालांकि, उद्यमियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने अपनी यात्रा फंडिंग हासिल करने के लिए शुरू नहीं की थी। अधिकांश स्टार्टअप किसी समस्या का समाधान खोजने, बाजार की कमी दूर और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू होते हैं। लेकिन समय के साथ कई कंपनियों का फोकस वैल्यूएशन और तेज ग्रोथ तक सीमित हो जाता है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक सफलता उन्हीं संस्थानों को मिलती है, जो भरोसेमंद उत्पाद विकसित और सकारात्मक बदलाव लाने वाले समाधान पेश करते हैं। बड़े और स्थायी बदलाव आंकड़ों के पीछे दौड़ने से नहीं, मजबूत और सार्थक व्यवसाय खड़ा करने से हासिल होते हैं। ऐसे में वैल्यूएशन को व्यवसाय के वास्तविक लक्ष्य और उद्देश्य पर हावी नहीं होने देना चाहिए।